**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 29.04.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- युग्म को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में कल और 01 मई को "सागर कवच'' तटीय सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया जाएगा।
- मत्स्य विभाग की ओर से तटीय राज्य सम्मेलन का लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतर्गत रक्षा मंत्रालय द्वारा ज्ञानपथ पर फॉर्मेशन डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
- द्वीपसमूह की अमृता मिंज ने नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में लाइट वेट महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता ।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सरकार, शिक्षा समुदाय, उद्योग और नवोन्मेषक समुदाय के नेताओं के पहले रणनीतिक सम्मेलन ''युग्म'' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर है। इसलिए भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें तैयार करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश में परिवर्तन ला रही है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक सब्सक्रिप्शन विश्व स्तरीय ज्ञान को हर विद्यार्थी के लिए सुगम बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के बजट में सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों –आईआईटी की क्षमता और सीटों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आईआईटी और एम्स के सहयोग से कई मेडिटेक पाठ्यक्रमों की शुरूआत की गई है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत विकास और सूचना प्रौद्योगिकी अपनाने वाले अग्रणी देशों में शामिल है। उन्होंने कहा कि इस विकास में और तेजी लाने के लिए सरकार ने इंडिया एआई मिशन का शुभारंभ किया है।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में कल और 01 मई को "सागर कवच नामक तटीय सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी 17 सुरक्षा एजेंसियां शामिल होंगी। इस अभ्यास का उद्देश्य तटीय सुरक्षा तंत्र और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय को मान्य करना है। मछुआरों और आम जनता से अपने आई–कार्ड साथ रखने को कहा गया है। मछुआरों से समुद्र में रहते समय अपने आवश्यक दस्तावेज साथ रखने का भी अनुरोध किया गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस मरीन फोर्स कंट्रोल रूम 1093 या पुलिस विभाग के 112 कंट्रोल रूम को देने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस ने कल और एक मई को होने वाले "सागर कवच" तटीय सुरक्षा अभ्यास के मद्देनजर जिले के सभी पुलिस स्टेशन में मछुआरा निगरानी समूह बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों का उद्देश्य मछुआरा समुदाय को संवेदनशील बनाना, तटीय सतर्कता बढ़ाना और सामुदायिक पुलिसिंग प्रयासों को मजबूत करना था। इस अवसर पर मछुआरों को तटीय सुरक्षा में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई और उनसे किसी भी संदिग्ध गतिविधि, की तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन को रिपोर्ट करने का अनुरोध किया गया। मछुआरों को खुफिया जानकारी देने के लिए मानक प्रोटोकॉल के बारे में भी बताया गया और उन्हें पुलिस द्वारा सभी आवश्यक सहायता और सुरक्षा का आश्वासन दिया गया।

**<><><><><><><>**

मत्स्य विभाग की ओर से तटीय राज्य सम्मेलन का लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम कल आयोजित किया गया। इस अवसर पर भातूबस्ती में मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने थोक–सह–खुदरा मछली बाजार के निर्माण कार्य की आधारशिला पट्टिका का अनावरण किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन भी उपस्थित थे। यह परियोजना लगभग 750 वर्ग मीटर पर विकसित की जाएगी, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 300 वर्ग मीटर होगा। क्षेत्र में मछली और मत्स्य उत्पादों के विपणन और वितरण को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया। इसमें मछली उत्पादों को संरक्षित करने के लिए एक प्री–फैब्रिकेटेड कोल्ड स्टोरेज यूनिट, प्रशासनिक कार्यालय और आवश्यक सार्वजनिक उपयोगिताओं के लिए प्रावधान किए गए हैं।

<><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2025 के अंतर्गत रक्षा मंत्रालय द्वारा ज्ञानपथ पर फॉर्मेशन डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। ये प्रतियोगिता 01 से 15 मई तक माई गॉव डॉट इन पोर्टल के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य युवाओं और आम जनता के बीच देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रतिभागियों को ज्ञानपथ पर डिजाइन या चित्र तैयार करना होगा। ये फॉर्मेशन एन सी सी कैडेट्स, एन एस एस वॉलेन्टियर्स और स्कूली बच्चों द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह लाल किले, दिल्ली में प्रस्तुत की जाएगी। पहले तीन प्रविष्टियों के लिए 10,000/– रुपये के तीन नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पहले 250 प्रतिभागियों को एक साथी के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह देखने के लिए ई–दीक्षा कार्ड जारी किए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को MyGov द्वारा ऑनलाइन भागीदारी प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। अधिक जानकारी MyGov पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार रोइंग टीम ने केरल के अलाप्पुझा में आयोजित 08वीं इंडोर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में लाइट वेट महिला व्यक्तिगत – 2000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने वाली अमृता मिंज ने 7 मिनट और 51 सेकंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राजस्थान की पूजा काजला ने रजत पदक और केरल की विस्मया बिपिन ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

<><><><><><>

आगामी राष्ट्रीय बीच सॉकर चैंपियनशिप के लिए खेलो इंडिया महिला बीच सॉकर टीम का चयन ट्रायल कार्बाइंस कोव बीच पर आयोजित किया जाएगा। चयन तीन मई को सुबह 09 बजे से आयोजित होगा। सभी इच्छुक महिला खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन के पदेन सचिव संजय मेशाक से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

राज्य शिक्षा संस्थान की ओर से 6 शैक्षिक अंचल क्षेत्रों में ग्रीष्मावकाश के दौरान अंधेपन और कम दृष्टि वाले बच्चों के लिए ब्रेल कक्षाएं आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों को स्वतंत्र रूप से पढ़ने और लिखने में सक्षम बनाना है। ग्रीष्मावकाश के दौरान छह क्षेत्र संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करेंगे, जिनमें जंगलीघाट, कन्यापुरम, रंगत गर्ल्स हॉस्टेल, डिगलीपुर, कार निकोबार के तमालू और ननकौड़ी के गोल टेकरी स्कूल शामिल हैं। कक्षाएं सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित होंगे।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान पुलिस ने कल बिल्लीग्राउंड के हरिनगर पंचायत में स्थानीय निवासियों की शिकायतों को सुनने और उसका समाधान करने के लिए जन–सुनवाई का आयोजन किया। इस अवसर पर ज़िला पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन के समक्ष लोगों ने कानून प्रवर्तन चुनौतियों, सार्वजनिक सुरक्षा चिंताओं, यातायात प्रबंधन, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और उनके दैनिक जीवन को प्रभावित करने वाली अन्य नागरिक शिकायतों सहित कई मुद्दों को उठाया। पुलिस अधीक्षक ने इन मुददों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मौके पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर जागरूकता संवाद भी आयोजित किया, जिसमें लोगों को युवाओं और समाज पर मादक पदार्थों के विनाशकारी प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी में प्रोक्यूरमेंट असिस्टेंट के एक पद पर अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवार की बासठ वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवार को तेईस हजार आठ सौ रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार उन्नीस मई तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

नेताजी स्टेडियम जल–क्रीड़ा परिसर स्थित स्विमिंग पूल कल से नियमित उपयोगकर्ताओं, सदस्यों और गैर–सदस्यों के लिए पुनः खोला जाएगा।

<><><><><><>